# हिन्दी

**(दूर्वा)(पाठ 28)(गधा और सियार)**
**(कक्षा 6)**

**प्रश्न 1:**
नीचे दिए गए कथन किसके हैं ?
**उत्तर 1:**
1: अब गाना गाने का मन हो रहा है।
1: गधे ने कहा ।

2: जो लोग खाने के बाद गाते नहीं, वे लोग अच्छे नहीं होते।
2: गधे ने कहा ।

3: धैर्य के साथ रहकर उचित समय को पहचानने की बुद्धि तुझमें नहीं है।
3: सियार ने कहा ।

4: खुशी को भोजन की तरह पचाना आवश्यक है।
4: गधे ने कहा ।

**प्रश्न 2:**
चित्रकथा के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो ।
**उत्तर 2:**
1: सियार ने गधे को गाना गाने से मना क्यों किया?
1: सियार ने गधे को इसलिए गाने के लिए मना किया कि उसकी आवाज सुनकर किसान जाग जाएगा तो लेने के देने पड़ जाएंगे ।

2:. ककड़ी खाने के बाद गाना गाने की गलती गधे ने क्यों की?
2: गधा ककड़ी खाने के बाद इतना खुश हो गया था कि उसे सही गलत का ध्यान ही नहीं रहा और वह गाने लगा ।

3: गधे ने कष्ट में पड़कर सियार से कौन–सी बुद्धिमानी सीखी ?
3: गधे ने कष्ट में पड़कर धैर्य से रहने और उचित समय को पहचानकर कार्य करने की बुद्धिमानी सीख ली।